आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना,रायबरेली
प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक 27.04.2022

आरेडिका में 67वें रेल सप्ताह महाप्रबंधक पुरस्कार का वितरण

आज दिनांक 27.04.2022 को आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना में 67वें रेल सप्ताह महाप्रबंधक पुरस्कार का वितरण महाप्रबंधक एवं पीसीएमई श्री एस.एस.कलसी द्वारा आरेडिका के सरस्वती प्रेक्षागृह में किया गया ।

इस समारोह में 75 एकल एवं 18 ग्रुपों में 114 ग्रुप पुरस्कार सहित कुल 189 कर्मचारियों और अधिकारियों को महाप्रबंधक स्तर के पुरस्कार दिये गये। ज्ञात हो कि भारत में पहली रेलगाड़ी 16 अप्रैल 1853 को बम्बई से थाणे के मध्य लॉर्ड डलहौजी के शासन काल में शुरू हुई थी, इसी के उपलक्ष्य में अप्रैल माह में रेल सप्ताह पुरस्कारों का वितरण किया जाता है।

इस अवसर पर आरेडिका के महाप्रबंधक एवं पीसीएमई श्री एस.एस.कलसी ने सभी पुरस्कार विजेताओं को बधाई दी और अपने सम्बोधन में वन्देभारत, मोजाम्बिक, मेमो आदि कोचों के निर्माण की उपलब्धियों के संबंध में बताया और आगे उन्होने कहा कि आज आरेडिका केवल भारतीय रेल के लिए ही कोच नहीं बना रही है बल्कि दूसरे देशों को निर्यात भी कर रही है, जो इसके ग्लोबल स्वरूप का परिचायक है। महाप्रबंधक महोदय ने बताया कि, वित्त वर्ष 2021–22 में कोरोना की द्वितीय लहर के प्रभाव के बाद भी आरेडिका ने 1875 कोचों का निर्माण किया है, जो अब तक का दूसरा सर्वाधिक उत्पादन है,यह सब टीम एमसीएफ की दृढ इच्छा शक्ति और सकारात्मक सोच के द्वारा संभव हुआ है।

महाप्रबंधक महोदय ने पुनः सभी पुरस्कार विजेताओं को बधाई दी और सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को वर्ष 2021–22 के लिए उनके दिये गये योगदान की सराहना की और वर्ष 2022–23 के उत्पादन लक्ष्यों प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर आरेडिका के पीसीएमएम श्री एन डी राव, पीसीईई श्री संजय अग्रवाल, पीएफए श्री जे एन पाण्डेय, सहित सभी विभागाध्यक्ष, उपविभागाध्यक्ष एवं यूनियनों के प्रतिनिधि और कर्मचारी उपस्थित रहे।

27/4/2022
(आर.एन.तिवारी)
मुख्य जन संपर्क अधिकारी